कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री धर्मेन्द्र सिंह, निवासी ग्राम कुतकपुर पोस्ट गाजीपुर तहसील महवा जिला दौसा राजस्थान–321612

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी महवा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अपील संख्या 28/2026

निर्णय दिनांक 25.03.2026

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी महवा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी महवा को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर रिपोर्ट मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना प्रश्नात्मक एवं सृजनात्मक है जो लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी महवा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी को पत्र क्रमांकः डीएम/कोर्ट/2026/577 दिनांक 26.2.2026 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। किन्तु लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी महवा की ओर से कोई जवाब/टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई। अपीलांट द्वारा प्रस्तुत अपील मीमो के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गइ सूचना प्रश्नात्मक एवं सृजनात्मक प्रकृति की होने से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत देय नहीं है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2026.04.01 11:42:46 IST
Reason: SelfAttested